Seventeenth Loksabha

pan>

Title :Need to include and develop Bhoramdev Temple in Rajnandgaon Parliamentary Constituency under PRASAD Scheme.

श्री संतोष पान्डेय (राजनंदगाँव): महोदय, भोरमदेव मेरे संसदीय क्षेत्र राजनंद गाँव (छत्तीसगढ़) अन्तर्गत जिला कबीरधाम से 20 किलोमीटर की दूरी पर स्थित दुर्लभ बैगा आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र सभी के आकर्षण का केन्द्र है। इसे निहारने के लिए पूरे देश, विदेश से बड़ी संख्या में पर्यटक यहां आते हैं।

गोंड जाति के पूज्य देव भोरमदेव मंदिर (महादेव शिव का अन्य नाम) स्थापत्य कला एवं मालवा की परमार कला शैली की प्रतिछाया है। यह मंदिर इन्ही खूबियों तथा स्थापत्यकला, पुरातात्विक संपदा तथा धार्मिक आस्था के लिए जाना जाता है। भोरमदेव मंदिर तीर्थयात्रियों, श्रद्धालुओं और देशी विदेशी पर्यटकों को वर्ष भर आकर्षित करता है। मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि मेरे संसदीय क्षेत्र के जिला राजनांदगांव के डोंगरगढ़ स्थित माँ बमलेश्वरी मंदिर व प्रज्ञागिरी पर्वत का विकास 'प्रसाद' योजना अंतर्गत किया जा रहा है, कार्य प्रगति पर है । अतः माननीय मंत्री जी से आग्रह है कि भोरमदेव को पर्यटन मंत्रालय की 'प्रसाद' योजना में शामिल कर विकसित करने की कृपा करे।